डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचलएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया   भाद्र पद कृष्ण पक्ष 14- 2082   भोपाल, दिन गुरूवार, दिनांक 10 सितम्बर 2026

न्यूज गैलरी

जिला पंचायत की बैठक में गांव की अव्यवस्थाओं पर अफसरों पर बरसे सदस्य

भोपाल। भोपाल जिला पंचायत की साधारण सभा की बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, जल और बिजली व्यवस्था की कमियों को लेकर अधिकारियों पर तीखा हमला बोला गया। जिला पंचायत सदस्य विनय मेहर ने नल-जल योजना को प्रशासन की अपंग कार्यशैली के कारण कागजी साबित होने की बात कही। बैठक में बैरसिया स्वास्थ्य विभाग की बीएमओ पुष्पा गुप्ता पर गंभीर आरोप लगाते हुए उन्हें हटाने का प्रस्ताव रखा गया, जिस पर सभी सदस्यों ने हस्ताक्षर किए। इस पर सीईओ ने तीन दिन में रिपोर्ट देने की बात कही। विनय ने सवाल उठाया कि जब शासन जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए खुलकर बजट दे रहा है, तो ग्रामीण स्कूलों में 70 प्रतिशत बालिकाओं के लिए शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं क्यों नहीं हैं? विद्युत विभाग को घेरते हुए उन्होंने कहा कि रखरखाव के करोड़ों रुपए मिलने के बावजूद गांवों में तार लटके हैं और केबल उपलब्ध नहीं है। वन व सड़क विभागों की कमियों पर भी नाराजगी जताई गई। बैठक में अध्यक्ष रामकुंवर नौरंग सिंह गुर्जर, सीईओ इला तिवारी, जनप्रतिनिधि और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

फूड स्ट्रीट पर कार्रवाई, 7 ट्रक सामान किया जब्त

भोपाल। नगर निगम का अतिक्रमण विरोधी अभियान बुधवार को भी जारी रहा। निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर अमले ने 1100 क्वार्टर स्थित चैंपियन स्कूल के पास फूड स्ट्रीट क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की। यहां ठेले, काउंटर और गुमठियां हटाने के साथ ही 7 ट्रक सामान और 1 फूड ट्रक जब्त किया गया। इसके अलावा शहर के कई इलाकों में कार्रवाई की गई।

पेट्रोल पंपों के 2024-25 के टैक्स मामले होंगे खत्म, 90 दिन में आवेदन करें

भोपाल। प्रदेश के पेट्रोल पंप मालिकों को टैक्स मामलों में राहत मिली है। वाणिज्यिक कर विभाग ने 2024-25 के पेंडिंग टैक्स असेसमेंट खत्म करने का आदेश जारी किया है। इसका लाभ पेट्रोल, डीजल और सीएनजी पंप संचालकों को मिलेगा, जिन्होंने कंपनियों से टैक्स चुकाकर ईंधन खरीदा हो। संचालकों को 90 दिन में तय फॉर्म टैक्स अधिकारी के पास जमा करना होगा। फिर 30 दिन में विभाग से जवाब या आपत्ति नहीं आई तो मामला निपटा माना जाएगा। इसका फायदा नोटिस पा चुके उन कारोबारियों को भी होगा।

तीसरे दिन सरकार ने मानी इंटर्न डॉक्टरों की मांग, आंदोलन खत्म

स्टाइपेंड 50 प्रतिशत बढ़ाकर 21,500 रुपए प्रतिमाह किया जाएगा, लाठीचार्ज मामले में दो पुलिसकर्मी लाइन अटैच

डीआर संवाददाता» भोपाल

राजधानी भोपाल में तीन दिन से जारी इंटर्न डॉक्टरों का आंदोलन बुधवार को सरकार के साथ सहमति बनने के बाद खत्म हो गया। इंटर्न डॉक्टरों के स्टाइपेंड को 14 हजार 337 रुपए से बढ़ाकर 21 हजार 500 रुपए प्रतिमाह करने पर सहमति बनी है। उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल के साथ इंटर्न डॉक्टरों, जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन (जूडा) और मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन (एमटीए) के प्रतिनिधिमंडल की चर्चा के बाद सरकार ने यह निर्णय लिया।

50 प्रतिशत बढ़ाया गया स्टाइपेंड

सरकार के फैसले के बाद अब प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में इंटर्न डॉक्टरों को 21 हजार 500 रुपए प्रतिमाह स्टाइपेंड मिलेगा। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि सरकार ने इंटर्न डॉक्टरों की मांग पर सकारात्मक निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि स्टाइपेंड में करीब 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। सरकार के निर्णय के बाद डॉक्टरों ने आंदोलन समाप्त करने की घोषणा की।

लाठीचार्ज मामले में दो पुलिसकर्मी लाइन अटैच

आंदोलन के दौरान पुलिस कार्रवाई को लेकर भी सरकार ने निर्णय लिया है। छात्रों पर लाठीचार्ज और वाटर कैनन के इस्तेमाल के मामले में दो पुलिसकर्मियों को लाइन अटैच किया गया है। पूरे मामले की जांच के लिए टीम गठित की गई है। साथ ही घायल छात्रों के इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

सोमवार से चल रहा था प्रदर्शन

इंटर्न डॉक्टरों ने अपनी मांगों को लेकर सोमवार को हमीदिया अस्पताल के मुख्य गेट पर प्रदर्शन शुरू किया था। आंदोलन के दौरान डॉक्टरों और पुलिस के बीच विवाद की स्थिति भी बनी थी। पुलिस कार्रवाई के बाद मामला और गरमा गया था। इसके बाद इंटर्न डॉक्टरों के साथ जूडा और एमटीए भी आंदोलन में शामिल हो गए।

प्रदेशभर की ओपीडी सेवाओं पर पड़ा असर

आंदोलन के तीसरे दिन बुधवार को प्रदेश के सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों में ओपीडी सेवाएं प्रभावित रहीं। ओपीडी बंद रहने से इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे मरीजों और उनके परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कई अस्पतालों में मरीजों की भीड़ बढ़ गई और वैकल्पिक व्यवस्थाओं पर दबाव रहा।

पुराना शहर रहा जाम

भोपाल में इंटर्न डॉक्टरों के आंदोलन का असर यातायात व्यवस्था पर भी पड़ा। हमीदिया अस्पताल से शुरू हुआ आंदोलन धीरे-धीरे कमला पार्क तक पहुंच गया। प्रदर्शन के कारण पुराने शहर के कई हिस्सों में यातायात प्रभावित रहा और लोगों को जाम की स्थिति का सामना करना पड़ा। करीब 48 घंटे तक बनी स्थिति के बाद सरकार और डॉक्टरों के बीच सहमति बनने से बुधवार को राहत मिली।

माला पहनाकर किया उप मुख्यमंत्री का स्वागत

सरकार के फैसले की जानकारी मिलने के बाद डॉक्टरों के प्रतिनिधिमंडल ने उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल का माला पहनाकर स्वागत किया। शुक्ल ने कहा कि इंटर्न डॉक्टर सरकार के निर्णय से खुश हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने उनकी प्रमुख मांग को स्वीकार करते हुए स्टाइपेंड में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। इसके साथ ही पुलिस कार्रवाई की जांच और घायल छात्रों के इलाज की व्यवस्था के निर्देश भी दिए गए हैं।

फर्जी पंजीयन कर सरकारी योजना का उठाया लाभ, ईओडब्ल्यू ने दर्ज की एफआईआर

समर्थन मूल्य पर मूंग बेचने के लिए फर्जी पंजीयन कराने का आरोप

डीआर संवाददाता» रायसेन

जिले में समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी के दौरान फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने मामले में बरेली तहसील निवासी रंजीत ठाकुर, श्रीराम ठाकुर और गौरव ठाकुर समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। प्रारंभिक जांच में समर्थन मूल्य पर मूंग बेचने के लिए फर्जी पंजीयन कराने और सरकारी व्यवस्था का गलत तरीके से लाभ उठाने की बात सामने आई है।

फर्जी पंजीयन के जरिए बेची मूंग

आरोप है कि आरोपियों ने वास्तविक पात्रता के विपरीत फर्जी पंजीयन बनाए और इन्हीं पंजीयनों के आधार पर समर्थन मूल्य पर मूंग की बिक्री की। इस प्रक्रिया में सरकारी राशि का अनुचित तरीके से लाभ लेने का आरोप है। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर ईओडब्ल्यू ने प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

1335 लाख रुपए के घोटाले का आरोप

मामले में करीब 1335 लाख रुपए के फर्जीवाड़े का आरोप है। जांच एजेंसी अब यह पता लगाने में जुटी है कि फर्जी पंजीयन किस स्तर पर और किस प्रक्रिया के तहत किए गए। साथ ही इस पूरे मामले में अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

तीन आरोपियों समेत अन्य पर मामला दर्ज

ईओडब्ल्यू ने बरेली तहसील निवासी रंजीत ठाकुर, श्रीराम ठाकुर और गौरव ठाकुर समेत अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। जांच के दौरान दस्तावेज, पंजीयन और मूंग खरीदी से संबंधित रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है। जांच में यदि अन्य लोगों की भूमिका सामने आती है तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जा सकती है। सरकारी योजना में गड़बड़ी की जांच समर्थन मूल्य पर किसानों से कृषि उपज खरीदी के लिए सरकार द्वारा निर्धारित प्रक्रिया अपनाई जाती है। ऐसे में फर्जी पंजीयन के जरिए मूंग बेचने का मामला सामने आने के बाद खरीदी प्रक्रिया पर भी सवाल खड़े हुए हैं। ईओडब्ल्यू द्वारा मामले की जांच आगे बढ़ाई जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

रन-4 मास्टर प्लान' में जेन-जी के साथ रहवासी, व्यापारी और वकील हुए शामिल, उज्जैन का मास्टर प्लान लागू होने पर उठाए सवाल

20 साल से अटका मास्टर प्लान, भोपाल में सड़क पर उतरे करीब एक हजार लोग

डीआर संवाददाता» भोपाल

राजधानी में मास्टर प्लान लागू करने की मांग को लेकर बुधवार को करीब एक हजार लोग सड़क पर उतरे। कॉलेज छात्र-छात्राओं यानी जेन-जी के साथ स्थानीय रहवासी, व्यापारी और वकील भी दौड़ में शामिल हुए। कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद की ओर से आयोजित 'रन-4 मास्टर प्लान' की शुरुआत 11 नंबर स्टॉप से हुई और दौड़ हबीबगंज के पास राजीव गांधी की प्रतिमा पर समाप्त हुई। विधायक मसूद ने कहा कि भोपाल पिछले 20 साल से मास्टर प्लान का इंतजार कर रहा है, जबकि उज्जैन का मास्टर प्लान आ चुका है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक विचारधारा अलग हो सकती है, लेकिन भोपाल के साथ पक्षपात नहीं होना चाहिए। मास्टर प्लान नहीं होने से जमीन के उपयोग, नए निर्माण और व्यावसायिक गतिविधियों को लेकर रहवासी और व्यापारी परेशान हैं।

सीलिंग कार्रवाई और सड़कों का मुद्दा भी उठाया

सीनियर एडवोकेट अजय गुप्ता ने कहा कि नगर निगम की सीलिंग कार्रवाई से व्यापारी और संपत्ति मालिक परेशान हैं। नियमों को लेकर स्थिति स्पष्ट करने की जरूरत है। मसूद ने अरेरा कॉलोनी और वार्ड 2 से वार्ड 8 क्षेत्र में सीवेज व अन्य कार्यों के लिए खोदी गई सड़कों की जल्द मरम्मत कराने की मांग भी की। उन्होंने कहा कि गड्ढों के कारण लोगों को परेशानी हो रही है और सरकार को जल्द राहत देनी चाहिए।

मंत्रालय के सामने धरने पर बैठे विधायक, पुलिस उठाकर ले गई

डीआर संवाददाता» भोपाल

रीवा के गांधी स्मारक अस्पताल में प्रसूता कल्पना मिश्रा और नवजात की मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस मामले में सीबीआई जांच और उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल के इस्तीफे की मांग को लेकर भोपाल में मंत्रालय के सामने सेमरिया से कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा धरने पर बैठ गए। लेकिन उन्हें पुलिस ने हिरासत में ले लिया। मिश्रा करीब आधा घंटा ही धरने पर बैठ सके थे कि पुलिस ने उन्हें वहां से हटा दिया।

विधायक को हिरासत में लेने के बाद कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सवाल

आवाज दबा रही सरकारः कांग्रेस

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने पुलिस कार्रवाई पर कहा कि न्याय मांगने पर जनप्रतिनिधि को हिरासत में लेना सरकार का तानाशाही रवैया है। पीड़ित परिवार को न्याय और दोषियों पर कार्रवाई होने तक कांग्रेस आवाज उठाती रहेगी। पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने कहा कि भाजपा राज में न्याय मांगना अपराध बन गया है। आवाज दबाने से सवाल खत्म नहीं होंगे। स्वास्थ्य व्यवस्था के खिलाफ न्याय सत्याग्रह का ऐलान करते हुए कहा कि वे रीवा पहुंचकर आंदोलन में शामिल हो रहे हैं। पटवारी ने कहा कि लापरवाही पर स्वास्थ्य मंत्री को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देना चाहिए।

बैंकों की कल हड़ताल, फिर 2 दिन छुट्टी, इस माह 9 दिन बंद



डीआर संवाददाता» भोपाल

बैंक शाखा में कोई जरूरी काम है तो गुरुवार को ही निपटा लें। क्योंकि सितंबर में 9 दिन कामकाज बंद रहेगा। शुक्रवार सितंबर को बैंकों की देशव्यापी हड़ताल है। शनिवार और रविवार की छुट्टी है। महीने के आखिर में 28, 29 और 30 सितंबर को तीन दिन हड़ताल प्रस्तावित है। इससे ठीक पहले चौथा शनिवार और रविवार है। इस तरह 26 से 30 सितंबर तक लगातार पांच दिन बैंक शाखाएं नहीं खुलेंगी। शेष पेज 12 पर

115 दिन बैंकिंग सप्ताह लागू

एनपीएस करने एक्सेल-4 से ऊपर अधिकारियों की पीएलआई वापस लेने पेंशन अपडेट व समान डीए की जगह ओपीएस खाली पद भरने और ग्रेच्युटी सीमा बढ़ाने की मांग।

कमजोर पड़ा मानसून, तीन दिन थमेगी तेज बारिशय 13 सितंबर से फिर बदलेगा मौसम, भारी बारिश का दौर फिलहाल थमा

डीआर संवाददाता» भोपाल

मध्यप्रदेश में मानसूनी सिस्टम कमजोर पड़ने के साथ ही भारी बारिश का दौर फिलहाल थम गया है। बुधवार को प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बादल छाए रहे और कई इलाकों में तेज धूप निकली। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिन प्रदेश में व्यापक रूप से तेज बारिश की संभावना कम है। मौसम केंद्र भोपाल के मुताबिक गुरुवार को प्रदेश के किसी भी जिले में भारी बारिश का अलर्ट जारी नहीं किया गया है। हालांकि कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है। शुक्रवार को उमरिया, मंडला, बालाघाट और डिंडौरी जिलों में भारी बारिश की संभावना को देखते हुए अलर्ट जारी किया गया है।

फिलहाल कोई सक्रिय सिस्टम नहीं

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में इस समय बारिश कराने वाला कोई प्रभावी सिस्टम सक्रिय नहीं है। पश्चिमी क्षेत्र में एक कमजोर परिसंचरण जरूर बना हुआ है, लेकिन इसका मध्यप्रदेश पर ज्यादा प्रभाव नहीं है। इसके चलते अगले कुछ दिनों तक मौसम में ज्यादा बदलाव की संभावना नहीं है।

13 सितंबर से फिर बढ़ेगी बारिश

मौसम विशेषज्ञ शैलेंद्र कुमार नायक के अनुसार फिलहाल प्रदेश में कोई सक्रिय सिस्टम नहीं है। 13 सितंबर से पश्चिमी मध्यप्रदेश के कुछ हिस्सों में बारिश की गतिविधियां बढ़ सकती हैं। इसके बाद प्रदेश के मौसम में दोबारा बदलाव देखने को मिल सकता है।

मुलाकात

सागर जहरीली शराब कांडरु विदेश दौरे से लौटते ही एक्शन में सीएम, न्यायिक जांच के आदेश

जिला अस्पताल पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मरीजों से की मुलाकात



डीआर संवाददाता» सागर

विदेश दौरे से लौटने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को नई दिल्ली से सीधे सागर पहुंचे और जहरीली शराब के सेवन से बीमार हुए मरीजों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने जिला अस्पताल पहुंचकर उपचाररत मरीजों का हाल जाना और डॉक्टरों से उनकी स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को मरीजों को बेहतर और समुचित इलाज उपलब्ध कराने के साथ आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मरीजों से मिले सीएम, इलाज की जानकारी ली

मुख्यमंत्री ने अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों से चर्चा की। उन्होंने डॉक्टरों से मरीजों के उपचार, स्वास्थ्य स्थिति और उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली। सीएम ने कहा कि प्रभावित लोगों के इलाज में किसी तरह की कमी नहीं रहनी चाहिए। जरूरत के अनुसार मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। अवैध शराब मामले की न्यायिक जांच के आदेश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सागर में अवैध शराब से हुई मौतों के मामले में न्यायिक जांच कराने के आदेश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि मामले की जांच निष्पक्ष तरीके से कराई जाएगी और लापरवाही तथा अनियमितता सामने आने पर जिम्मेदारी तय की जाएगी। सरकार ने इस मामले में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने की बात कही है।

अफसरों को कार्रवाई के लिए फ्री-हैंड

मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर पूरे मामले की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के लिए फ्री-हैंड दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

सागर संभाग के नए आईजी इरशाद वली

इससे पहले प्रशासनिक स्तर पर भी बदलाव किए गए हैं। इरशाद वली को सागर संभाग का नया आईजी बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को पूरे मामले की गंभीरता से जांच करने और अवैध शराब के कारोबार से जुड़े लोगों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

दोषियों को ऐसी सजा देंगे कि दोबारा हिम्मत न करें

मरीजों से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि उन्होंने जहरीली शराब के सेवन से पीड़ित लोगों से मुलाकात की है। उन्होंने कहा कि इस मामले में जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने सख्त संदेश देते हुए कहा कि दोषियों को ऐसी सजा दी जाएगी कि दोबारा कोई इस तरह की हरकत करने की हिम्मत नहीं करेगा।

लापरवाही पर तय होगी सबकी जवाबदेही

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की नीति अपराधों और अनियमितता के मामलों में जीरो टॉलरेंस की है। इस मामले में जिस स्तर पर भी लापरवाही सामने आएगी, सबकी जवाबदेही तय की जाएगी।

नया बिजली मीटर लगाने के नाम पर रिश्वत, जेई 15 हजार रुपए लेते गिरफ्तार

डीआर संवाददाता» रायसेन।

नया बिजली मीटर लगाने और पुराने बिजली चोरी के मामले में सेटलमेंट कराने के नाम पर रिश्वत मांगने वाले बिजली कंपनी के जूनियर इंजीनियर (जेई) को लोकायुक्त की टीम ने 15 हजार रुपए लेते रंगे हाथों पकड़ लिया। कार्रवाई बुधवार दोपहर की गई।

जानकारी के अनुसार बिजली कंपनी के जेई अर्पित उपाध्याय पर आरोप है कि उन्होंने नया बिजली मीटर लगाने के लिए रिश्वत की मांग की थी। इसके साथ ही पुराने बिजली चोरी के मामले में सेटलमेंट कराने के नाम पर भी रकम मांगी गई थी। परेशान होकर शिकायतकर्ता ने मामले की जानकारी लोकायुक्त को दी।

शिकायत के बाद बनाई कार्रवाई की योजना

शिकायत का सत्यापन कराने के बाद लोकायुक्त टीम ने रिश्वत लेते जेई को पकड़ने की योजना बनाई। बुधवार को जैसे ही जेई ने शिकायतकर्ता से 15 हजार रुपए की रिश्वत ली, टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए उन्हें पकड़ लिया।

मामले की जांच जारी

लोकायुक्त की टीम ने कार्रवाई के बाद रिश्वत की रकम जब्त कर ली। जेई के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण कानून के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है। लोकायुक्त टीम यह भी पता लगा रही है कि मामले में किसी अन्य व्यक्ति की भूमिका थी या नहीं।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुधनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर भाद्र पद कृष्ण पक्ष 14- 2082 सीहोर, दिन गुरूवार, दिनांक 10 सितम्बर 2026

न्यूज गैलरी

12 सितंबर को आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत

सीहोर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 12 सितंबर को संपूर्ण जिले में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। प्रधान जिला न्यायाधीश संजीव कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में यह आयोजन जिला मुख्यालय सीहोर सहित तहसील न्यायालय आष्टा, भैरूंदा, बुधनी एवं इछावर में संपन्न होगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की न्यायाधीश एवं सचिव स्वप्नश्री सिंह ने प्रेसवार्ता में बताया कि लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित आपराधिक शमनीय प्रकरण, धारा 138 (चेक बाउंस), विद्युत अधिनियम, बैंक रिकवरी, वैवाहिक विवाद व अन्य दीवानी मामलों के लगभग 2000 राजीनामा योग्य प्रकरण रखे गए हैं।

सेमनरी फीडर पर मेंटेनेंस, आज 3 घंटे बिजली कटौती

आष्टा। 33/11 केवी सेमनरी सब स्टेशन से निकलने वाले 11 केवी सेमनरी फीडर पर मेंटेनेंस के चलते 10 सितंबर गुरुवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। बिजली कंपनी के अनुसार इस दौरान सेमनरी सब स्टेशन के पास का रोड, आदर्श कॉलोनी, अंजनी नगर, पुष्प हॉस्पिटल, मॉडर्न स्कूल के पास, देवेंद्र परमार कॉलोनी और रामसहायपुरा रोड सहित फीडर से जुड़े क्षेत्रों में सप्लाई बाधित रहेगी। बिजली कंपनी ने उपभोक्ताओं से आवश्यक कार्य पहले निपटा लेने की अपील की है।

निधन, दो मिनट का मौन रखकर दी श्रद्धांजलि

सीहोर। ठाकुर सेवा समाज मेहतवाड़ा के चेतन सिंह, धीरज सिंह के भाई एवं युवा मोर्चा के कार्यकर्ता सुरज सिंह पहलवान के पिता शोभाल सिंह (62) का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। जिनकी शव यात्रा उनके निज निवास से निकाली गई, जो बाद में मुक्तिधाम पहुंची। श्मशान घाट पर सामूहिक रूप से श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कुएं में मिला ग्रामीण युवक का शव

श्यामपुर। श्यामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम [illegible] के पास बुधवार को एक कुएं में युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। कुएं के पास चप्पल और साइकिल खड़ी देखकर वहां से गुजर रहे ग्रामीणों को शक हुआ। उन्होंने कुएं में झांककर देखा तो पानी में युवक का शव तैर रहा था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला गया। शिनाख्त करने पर मृतक की पहचान ग्राम [illegible] निवासी [illegible] के रूप में हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया गया है कि युवक मानसिक रूप से कमजोर था।

क्लोरीन गैस 600 किलो क्षमता वाले सिलेंडर से रिसाव, चार ग्रामीणों को आंखों में जलन और सांस लेने में हुई परेशानियां

डेढ़ घंटे चले ऑपरेशन के बाद पानी में डुबोया सिलेंडर

साल पुराने सिलेंडर के वाल्व से लीक हुई क्लोरीन गैस, इलाके में मचा हड़कंप

डीआर संवाददाता›सीहोर

काहिरी शहर में मंगलवार शाम काहिरी फिल्टर प्लांट पर क्लोरीन गैस के रिसाव से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। जहरीली गैस के संपर्क में आने से चार ग्रामीणों को आंखों में तेज जलन और सांस लेने में परेशानी हुई, जबकि एक दर्जन से अधिक लोग जांच और उपचार के लिए अस्पताल पहुंचे। घटना के अगले दिन बुधवार को मौके पर पहुंची टीम को आसपास के क्षेत्र में अब भी हादसे को लेकर दहशत का माहौल नजर आया। राहगीर और ग्रामीण फिल्टर प्लांट की ओर खौफ के साथ देखते दिखाई दिए।

WARNING • WARNING • WARNING • WARNING • WARNING
DO NOT PASS • DO NOT PASS • DO NOT PA

10 साल पुराना था 600 किलो क्षमता का सिलेंडर

जानकारी के अनुसार फिल्टर प्लांट में रखा क्लोरीन गैस का सिलेंडर करीब 10 साल पुराना था। इसकी क्षमता 600 किलो थी। बताया गया कि सिलेंडर के पीतल के वाल्व में खराबी आने के बाद गैस का तेज रिसाव शुरू हुआ। पीले-हरे रंग की क्लोरीन गैस हवा में फैलने से आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, पुलिस और नगर पालिका की टीमें मौके पर पहुंचीं। एहतियात के तौर पर आसपास के आधा दर्जन से अधिक घरों को खाली कराया गया।

विशेषज्ञ टीम ने डेढ़ घंटे चलाया ऑपरेशन

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसडीईआरएफ, स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं। रासायनिक गैस रिसाव से निपटने के लिए विशेषज्ञ सहायता की जरूरत होने पर गेल इंडिया की एक्सपर्ट टीम को बुलाया गया। नगर पालिका और विशेषज्ञों की संयुक्त टीम ने करीब डेढ़ घंटे तक ऑपरेशन चलाया। रात करीब 9 बजे तक की मशक्कत के बाद लीकेज वाले वाल्व में मजबूत खूंटा ठोककर रिसाव को अस्थायी रूप से बंद किया गया। इसके बाद 600 किलो के सिलेंडर को सुरक्षित करने के लिए पानी में डुबो दिया गया। इसके बाद स्थिति नियंत्रण में आई।

10 साल से जलापूर्ति में नहीं हो रहा क्लोरीन का इस्तेमाल

नगर पालिका के इंजीनियर विजय कोली ने बताया कि शहर की जलापूर्ति में करीब 10 साल से क्लोरीन का उपयोग नहीं किया जा रहा है। उनके अनुसार हादसे का शिकार हुआ सिलेंडर भी पुराना था और उसमें थोड़ी मात्रा में गैस बची हुई थी।

पानी शुद्ध करने में क्लोरीन की अहम भूमिका

क्लोरीन का इस्तेमाल पानी में मौजूद हैजा, टाइफाइड, पीलिया और अन्य जलजनित बीमारियां फैलाने वाले सूक्ष्मजीवों को नष्ट करने के लिए किया जाता है। पानी में बची हुई क्लोरीन पाइपलाइन के रास्ते नए सूक्ष्मजीवों की वृद्धि को रोकने में भी मदद करती है। इसके अलावा यह पानी की टंकियों और पाइपलाइनों में काई व जैविक गंदगी को नियंत्रित करने में सहायक होती है।

केवल ब्लीचिंग पाउडर के इस्तेमाल की भी सीमाएं

ब्लीचिंग पाउडर पानी में घुलकर क्लोरीन छोड़ता है, लेकिन इसकी प्रभावशीलता गैसीय क्लोरीन की तुलना में अलग होती है। इसके इस्तेमाल से पानी में धुंधलापन, तलछट और गंध-स्वाद की समस्या हो सकती है। लंबी पाइपलाइन में इसकी प्रभावशीलता कम होने से अंतिम छोर तक पर्याप्त कीटाणुशोधन बनाए रखना चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

खेत की मेड़ के विवाद के बाद किसान की संदिग्ध मौत

थाने में शिकायत नहीं ली, अब एसपी सीहोर से न्याय की गुहार

डीआर संवाददाता›बुधनी

ग्राम होलीपुरा, तहसील बुधनी निवासी दिनेश कुमार पिता बद्री प्रसाद की 9 जुलाई 2026 को हुई संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। परिजनों ने थाना बुधनी पर शिकायत न लेने और एफआईआर दर्ज न करने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक सीहोर सोनाली सक्सेना को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की है।

परिजनों के अनुसार, घटना वाले दिन सुबह करीब 10 बजे दिनेश कुमार का खेत की मेड़ को लेकर पड़ोसी राजकुमार पिता रघुवीर से विवाद हुआ था। विवाद के दौरान मारपीट हुई और आरोप है कि राजकुमार ने कुल्हाड़ी से मारने के लिए दौड़ाया। मौके पर मौजूद अरविंद बरखने और दिनेश के पुत्र शिवा ने बीच-बचाव किया। इसी दौरान जान से मारने की धमकी भी दी गई। उसी दिन शाम करीब 5 बजे दिनेश कुमार खेत पर गए और रात 8 बजे तक वापस नहीं लौटे। तलाश करने पर भाई विष्णु प्रसाद और पुत्र अजय कुमार को वे खेत में अचेत अवस्था में पड़े मिले। परिजनों ने उन्हें न्यू मानवेंद्र हॉस्पिटल, नर्मदापुरम पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में मौत का कारण पॉइजन बताया गया।

उनके अनुसार मृतक के मुंह में गुटखा था, न उल्टी हुई, न ही कोई विशेष गंध आई। बाद में सेल्फास खाने की बात भी कही गई। सरकारी अस्पताल नर्मदापुरम में पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों का तर्क है कि सुबह मारपीट, कुल्हाड़ी से मारने की कोशिश, जान से मारने की धमकी और शाम को उसी खेत में अचेत मिलना – ये सभी परिस्थितियां मौत को संदिग्ध बनाती हैं। ज्ञापन में सबसे गंभीर आरोप यह है कि परिजनों द्वारा इस संबंध में थाना बुधनी में शिकायत देने का प्रयास किया गया था, लेकिन शिकायत स्वीकार नहीं की गई और एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इसी कारण परिवार ने एसपी सीहोर से गुहार लगाई है।

युवा संगम रोजगार मेले में 572 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन

डीआर संवाददाता›सीहोर

जिला रोजगार कार्यालय सीहोर एवं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शाहगंज के द्वारा शासकीय महाविद्यालय शाहगंज में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बुधनी विधायक श्री रमाकांत भार्गव मुख्य अतिथि के रूप में रहे।



मेले में 782 युवक-युवतियों ने पंजीयन कराया। इसमें शामिल 18 कंपनियों द्वारा अभ्यर्थियों के साक्षात्कार एवं चयन की प्रक्रिया संपन्न की गई, जिसमें 572 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन हुआ। चयनित अभ्यर्थियों में से 382 युवाओं को मंच से ऑफर लेटर वितरित किए गए।

मेले में एमएसएमई एवं ग्लोबल स्किल पार्क, भोपाल के प्रतिनिधियों ने युवाओं को कैरियर मार्गदर्शन और कौशल विकास के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी। कार्यक्रम में बुधनी जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री महेश वर्मा, शाहगंज नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सोनम भार्गव, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र महाप्रबंधक श्री अनुराग वर्मा, श्री एसडीएम [illegible], आईटीआई के प्राचार्य श्री भूपेंद्र [illegible], जिला रोजगार अधिकारी श्री कमलेश पटेल सीहोर उपस्थित थे।

विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर दो दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम शुरू

डीआर संवाददाता›सीहोर

विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प नशा मुक्ति केंद्र में दो दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पहले दिन संगोष्ठी आयोजित कर आत्महत्या जैसे गंभीर विषय पर चर्चा की गई।

वक्ताओं ने लोगों से जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने और कठिन समय में एक-दूसरे का सहारा बनने की अपील की। केंद्र संचालक राहुल सिंह ने कहा कि जीवन अनमोल है और इसे सहेजना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि परेशानियों के कारण जीवन समाप्त करना किसी समस्या का समाधान नहीं है। व्यक्ति को अपनी समस्याएं मन में दबाने के बजाय परिवार, मित्रों या भरोसेमंद लोगों से साझा करनी चाहिए। उन्होंने आसपास के लोगों के व्यवहार में होने वाले बदलावों को समझने और जरूरत पड़ने पर उनसे बातचीत करने पर जोर दिया।

संगोष्ठी में मानसिक तनाव, नशे की लत, पारिवारिक समस्याओं और सामाजिक दबाव जैसे कारणों पर भी चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि परेशान व्यक्ति की बात गंभीरता से सुनना और समय पर उचित सहयोग देना महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्कार मंच के संयोजक जितेंद्र तिवारी, संत माधवदास महाराज, सनातन सेना के प्रदेश सचिव पवन केवट, मनोज दीक्षित मामा और आकाश गुप्ता सहित अन्य अतिथियों ने किया। कार्यक्रम का समापन गुरुवार को होगा।

3 प्रकरण दर्ज, 20 लीटर कच्ची मदिरा एवं 500 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद

जिला आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा जब्त

डीआर संवाददाता›सीहोर

कलेक्टर श्री बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी श्री दीपसिंह राठौर ने बताया कि जिला आबकारी बल के सहयोग से वृत्त सीहोर में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती संगीता नायक के नेतृत्व में अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 03 प्रकरण कायम किए गए।

कार्रवाई के दौरान 20 लीटर हाथ भट्टी कच्ची मदिरा एवं 500 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत 54 हजार रुपये है। प्रकरणों को मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1) के तहत विवेचना में लिया गया है। कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती संगीता नायक, आबकारी उपनिरीक्षक [illegible] एवं जिला आबकारी बल का सराहनीय योगदान रहा।

जिला आबकारी विभाग द्वारा बताया गया है कि जिले में अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की

कांग्रेस नेता पर भोपाल में दर्ज जीरो एफआईआर बिलकिसगंज थाने पहुंची, पुलिस ने शुरू की जांच

डीआर संवाददाता›सीहोर

कांग्रेस नेता अर्जुन शर्मा के खिलाफ महिला की शिकायत पर बिलकिसगंज थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। इससे पहले शिकायत के आधार पर भोपाल के शाहपुरा थाने में जीरो एफआईआर दर्ज की गई थी। बाद में मामला क्षेत्राधिकार के चलते बिलकिसगंज थाने भेजा गया, जहां पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 69 और 351(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जंगल रिसॉर्ट में घटना का आरोप

एफआईआर में घटना की अवधि 12 अगस्त 2025 से 6 मई 2026 के बीच बताई गई है। घटनास्थल के तौर पर बिलकिसगंज क्षेत्र स्थित जंगल रिसॉर्ट का उल्लेख किया गया है। पुलिस ने शिकायतकर्ता युवती के बयान दर्ज कर लिए हैं और मामले से जुड़े तथ्यों की जांच की जा रही है।

गिरफ्तारी के लिए तलाश जारी

बिलकिसगंज थाना प्रभारी के अनुसार मामले में आरोपी अर्जुन शर्मा की तलाश की जा रही है। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने संबंधित थानों को भी सूचना दी है। पुलिस का कहना है कि जांच में सामने आने वाले तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

लोकार्पण नगर पालिका परिषद सीहोर द्वारा शहर के वार्ड क्रमांक 15 स्थित वंशकार मोहल्ले में

नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किया 17 लाख की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण

डीआर संवाददाता› सीहोर

सीहोर। नगर पालिका परिषद सीहोर द्वारा शहर के वार्ड क्रमांक 15 स्थित वंशकार मोहल्ले में 17 लाख की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर द्वारा किया गया। सामुदायिक भवन के लोकार्पण के साथ ही क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही एक महत्वपूर्ण आवश्यकता पूरी हुई है। भवन के निर्माण से मोहल्लेवासियों को सामाजिक, धार्मिक एवं पारिवारिक आयोजनों के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी।

लोकार्पण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वार्डवासी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम स्थल पर क्षेत्रवासियों ने नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर का स्वागत करते हुए सामुदायिक भवन की सौगात के लिए आभार व्यक्त किया।

विकास कार्यों को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा-लोकार्पण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि नगर पालिका परिषद सीहोर शहर के प्रत्येक वार्ड में विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा रही है। हमारा उद्देश्य केवल सड़क, नाली और मूलभूत सुविधाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि शहर के नागरिकों को सामाजिक एवं सामुदायिक सुविधाएं उपलब्ध कराना भी हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि वंशकार मोहल्ले में 17 लाख की लागत से तैयार यह सामुदायिक भवन क्षेत्रवासियों के लिए उपयोगी साबित होगा। अब वार्ड के लोगों के छोटे-बड़े सामाजिक एवं पारिवारिक कार्यक्रमों के लिए एक बेहतर स्थान उपलब्ध रहेगा।

उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि शहर का कोई भी वार्ड विकास से अछूता न रहे। जनता ने जिस विश्वास के साथ हमें जिम्मेदारी सौंपी है, उस विश्वास पर खरा उतरना हमारा दायित्व है। आने वाले समय में भी सीहोर शहर में विकास कार्यों की गति और तेज की जाएगी। प्रिंस राठौर ने कहा कि विकास किसी एक क्षेत्र या वार्ड तक सीमित नहीं होना चाहिए। शहर के सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य हों और आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलें, इसी सोच के साथ नगर पालिका परिषद निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन सांखला, अर्जुन राठौर, आशीष गहलोत, कमलेश राठौर, लोकेंद्र वर्मा, नरेंद्र राजपूत, अनूप पाल सिंह राजपूत, संतोष शाह सहित वार्ड क्रमांक 15 के बड़ी संख्या में रहवासी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

भादो में भी जारी कांवड़ यात्रा, अमावस्या तक चलेगा आस्था का क्रम

डीआर संवाददाता›› सीहोर

सीहोर। सावन माह के समापन के बाद भी भगवान शिव के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था बनी हुई है। भादो माह में भी कुबेरेश्वरधाम पर कांवड़ यात्रा का क्रम जारी है। बुधवार को तेज धूप के बावजूद बड़ी संख्या में शिवभक्त सीवन नदी के तट से कांवड़ में जल लेकर पैदल कुबेरेश्वरधाम पहुंचे।

इस दौरान मार्ग हर-हर महादेव और श्री शिवाय नमस्तुभ्यं के जयकारों से गूंजता रहा। धाम पहुंचकर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि जीवन में परिस्थितियां बदलती रहती हैं। सुख और कठिनाइयों के बीच भगवान शिव का ध्यान और नाम जप मन को स्थिर रखने में सहायक होता है। शिव भक्ति से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है

महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यों से भी श्रद्धालु कांवड़ लेकर कुबेरेश्वरधाम पहुंच रहे हैं। बुधवार को महाराष्ट्र से आए कांवड़ यात्रियों का विठलेश सेवा समिति की ओर से स्वागत किया गया।

समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि भादो माह में भी नियमित कांवड़ यात्रा जारी है और अमावस्या तक श्रद्धालु सीवन नदी से जल लेकर धाम पहुंचेंगे। इस दौरान समिति द्वारा श्रद्धालुओं के स्वागत-सत्कार और आवश्यक सेवा कार्य भी किए जा रहे हैं।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | भाद्र पद कृष्ण पक्ष 14- 2082 सीहोर, दिन गुरूवार, दिनांक 10 सितम्बर 2026

न्यूज गैलरी

रोजगार मेलाः 572 का चयन, 382 को मिले ऑफर लेटर

सीहोर। शासकीय महाविद्यालय शाहगंज में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार और अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय सीहोर और शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शाहगंज ने किया। मेले में 782 ने पंजीयन कराया। 18 कंपनियों ने साक्षात्कार लेकर 572 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन हुआ। चयनित अभ्यर्थियों में से 382 युवाओं को मंच से ऑफर लेटर दिए गए।

धान में खैरा समेत कई रोगों का प्रकोप, दवा से नियंत्रण

सीहोर। कृषि वैज्ञानिकों के मुताबिक धान की फसल में खैरा रोग, शीथ ब्लाईट का प्रकोप दिख रहा है। इन रोगों के नियंत्रण के लिए कृषि वैज्ञानिकों के मुताबिक धान में जिंक सल्फेट 21 प्रतिशत मात्रा 25 किलो प्रति हेक्टेयर डालें। मक्का की फसल में फफूंदनाशक दवा मेन्कोजेब 75 डब्ल्यूपी या कार्बेडाजिम 50 डब्ल्यूपी की 2 ग्राम मात्रा प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें।

यूपीएससी-एमपीपीएससी की कोचिंग का बैच शुरू

सीहोर। रविंद्र सांस्कृतिक भवन टाउन हॉल स्थित शासकीय लाइब्रेरी में सिविल सेवा परीक्षाओं यूपीएससी और एमपी पीएससी की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क कोचिंग क्लासेस के नए बैच का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन एडीएम वृजेश सक्सेना, जेल एसपी प्रतिभा पटेल, तहसीलदार अमित सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

पेयजल गुणवत्ता जांच का दिया प्रशिक्षण

सीहोर। आष्टा विकासखंड के ग्रामों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को पेयजल की गुणवत्ता जांच के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से पेयजल के विभिन्न गुणवत्ता मानकों की प्राथमिक स्तर पर जांच करने की प्रक्रिया की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

पांच बॉक्सर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

सीहोर। स्थानीय शासकीय आवासीय खेलकूद संस्थान में संचालित बॉक्सिंग मॉडल खेल प्रशिक्षण केंद्र के पांच बॉक्सरों ने संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया है। खेल अधिकारी अताउल्लाह खान ने बताया कि तात्या टोपे स्टेडियम, भोपाल में आयोजित 70वीं संभाग स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में मॉडल खेल प्रशिक्षण केंद्र के खिलाड़ियों ने प्रशिक्षक अंकित गुप्ता के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। खिलाड़ियों ने अपने-अपने वजन वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में अतुल मंडलोई (75-80 किग्रा), जयंत परिहार (80 किग्रा), अभिनय (32-43 किग्रा), अनुष्का सिंह (80 किग्रा) एवं श्रद्धा (46-48 किग्रा) ने अपने-अपने वजन वर्ग में विजय हासिल कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होने का गौरव प्राप्त किया।

11 सितंबर को बलोडिया में लगेगा शिविर

सीहोर। मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत 11 सितम्बर को इछावर तहसील के ग्राम बलोडिया में भ्रमण एवं शिविर आयोजित किया जाएगा।

मंडल बैठक

सेवा संकल्प अभियान के तहत मंडल कार्यसमिति की बैठक आयोजित

17 को लाभार्थियों के घर प्रज्ज्वलित होगा आशीर्वाद का दीपक, सांसद आलोक शर्मा

डीआर संवाददाता›सीहोर

भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय संगठन द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन एवं लोकसेवक के रूप में 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सांसद आलोक शर्मा ने सीहोर विधानसभा के सीहोर नगर मंडल क्रमांक-1 एवं सीहोर नगर मंडल क्रमांक-2 की मंडल कार्यसमिति एवं मंडल कार्यशाला की बैठक लेकर कार्यकर्ताओं को अभियान के विभिन्न कार्यक्रमों एवं संगठन द्वारा निर्धारित दायित्वों की विस्तार से जानकारी दी।

सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की भावना सर्वोपरि रही है। केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से करोड़ों परिवारों के जीवन में नेतृत्व में देश में हुए ऐतिहासिक कार्यों और जनकल्याणकारी बदलावों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आशीर्वाद का दीपक कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि 17 सितंबर को शाम 7 बजे पूरे मंडल में केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के घर जाकर आशीर्वाद का दीया प्रज्वलित किया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक मोहल्ले के प्रभारी बनाए जाएं तथा लाभार्थियों की सूची तैयार कर आवश्यक संख्या में दीपों की व्यवस्था कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके अंतर्गत सरकारी एवं निजी स्कूलों की सूची तैयार कर वहां चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिताओं का विषय वर्ष2014 के पहले का भारत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बदलता भारत रहेगा।

प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा तथा कार्यक्रम में विद्यार्थियों के अभिभावकों एवं गणमान्य नागरिकों को भी आमंत्रित किया जाएगा। सांसद शर्मा ने सेवा सप्ताह एवं महत्वपूर्ण कार्यों का स्मरण नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया जाएगा।

सांसद आलोक शर्मा ने सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम के बारे में बताया। इसी प्रकार सेवा सेतु कार्यक्रम के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और पात्र हितग्राहियों के बीच सेतु का कार्य किया जाएगा।

कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में पात्र नागरिकों की पहचान कर उन्हें विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग करेंगे। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, सीहोर जिला प्रभारी विक्रम सोलंकी, सीहोर विधायक सुदेश राय, नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति, सुशील ताम्रकार, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र राजपूत, जिला मीडिया प्रभारी मिलेश राठौर आदि गणमान्य रहे। इसके अतिरिक्त बैठक में जिला पदाधिकारी रहे।

---

12 सितंबर को सीहोर जिले में आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत

डीआर संवाददाता›सीहोर

सीहोर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 12 सितंबर 2026 को सीहोर जिले में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। प्रधान जिला न्यायाधीश संजीव कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय सीहोर सहित आष्टा, भैरूंदा, बुधनी और इछावर के तहसील न्यायालयों में लोक अदालत लगेगी।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की न्यायाधीश एवं सचिव स्वप्नश्री सिंह ने बताया कि लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित करीब 2 हजार राजीनामा योग्य प्रकरण रखे जाएंगे। इनमें आपराधिक शमनीय मामले, धारा 138 के चेक बाउंस, विद्युत अधिनियम, बैंक रिकवरी, वैवाहिक विवाद और अन्य दीवानी प्रकरण शामिल हैं। इसके अलावा विद्युत, जलकर एवं बीएसएनएल विभाग के 10 हजार से अधिक प्री-लिटिगेशन मामले भी निराकरण के लिए प्रस्तुत किए जाएंगे।

प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए जिले में कुल 23 खंडपीठों का गठन किया गया है। इनमें सीहोर में 10, आष्टा में 6, भैरूंदा में 2, बुधनी में 3, इछावर में 1 और उपभोक्ता फोरम में 1 खंडपीठ शामिल है लोक अदालत में राजीनामा योग्य ट्रैफिक चालानों का भी संबंधित थानों के माध्यम से निराकरण किया जाएगा। विद्युत, जलकर और बैंक प्री-लिटिगेशन मामलों में नियमानुसार अधिभार एवं ब्याज में विशेष छूट का लाभ मिलेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने आमजन से 12 सितंबर को उपस्थित होकर आपसी सहमति से मामलों का निराकरण कराने की अपील की है।

उज्जैन में केन्द्रीय मंत्री सिंधिया का संजय पाटीदार ने किया सम्मान

डीआर संवाददाता›श्यामपुर

गत दिवस उज्जैन पहुंचकर केंद्रीय संचार मंत्री और विकास मंत्री, श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का श्यामपुर भाजपा नेता संजय पाटीदार द्वारा मुलाकात कर श्री सिंधिया का सम्मान किया। इस दौरान क्षेत्र विकास को लेकर चर्चा की

आष्टा विकासखंड में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को पेयजल गुणवत्ता जांच का प्रशिक्षण

डीआर संवाददाता›आष्टा।

आष्टा विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को पेयजल की गुणवत्ता जांच के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से पेयजल के विभिन्न गुणवत्ता मानकों की प्राथमिक स्तर पर जांच करने की प्रक्रिया की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के उपरांत आष्टा विकासखंड के जुड़िया ग्राम, बैलपान, निलामदी, कजीसखेडी, मेहतवाड़ा, सेकुलखेड़ा सहित विभिन्न ग्रामों की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को पेयजल गुणवत्ता परीक्षण के लिए फील्ड टेस्ट किट उपलब्ध कराई गई। इन किटों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की गुणवत्ता की प्राथमिक स्तर पर जांच की जा सकेगी। जांच के दौरान किसी प्रकार की समस्या पाए जाने पर संबंधित विभाग को तत्काल जानकारी देकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की गुणवत्ता पर नियमित निगरानी रखने में मदद मिलेगी तथा सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में प्रभावी कार्य किया जा सकेगा।

सीहोर में यूपीएससी और एमपीपीएससी की निःशुल्क कोचिंग क्लासेस के नवीन बैच का शुभारंभ

डीआर संवाददाता›सीहोर

शहर के रविंद्र सांस्कृतिक भवन टाउन हॉल स्थित शासकीय लाइब्रेरी में सिविल सेवा परीक्षाओं (पीएससी एवं यूपीएससी) की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क कोचिंग क्लासेस के नवीन बैच का विधिवत शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन एडीएम वृजेश सक्सेना, जेल एसपी प्रतिभा पटेल और तहसीलदार अमित सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

अतिथियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि प्रशासनिक सेवाओं में जाने के इच्छुक विद्यार्थियों को स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन मिलना एक सराहनीय कदम है।

इससे आर्थिक रूप से कमजोर व जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को अपने लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी।

कक्षाओं के संचालन में जिला प्रशासन सीहोर, स्वर्णिम मानवता विकास समिति और स्वाध्यायी परिवार एवं आधुनिक नालंदा शिक्षा समिति की अहम भूमिका है। सीहोर जिला प्रशासन और आधुनिक नालंदा के डायरेक्टर परीक्षित भारती के साझा प्रयासों से यह निःशुल्क कोचिंग निरंतर संचालित की जा रही है।

इस अवसर पर विशेष सहयोगी राजेश दुबे, आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा के संयुक्त संचालक रामलखन मीणा, सहायक संचालक नेहा माहेश्वरी, शिक्षिका नीतू लोधी, कविता, शिक्षक गोकुल प्रसाद वर्मा, सोनू प्रजापति और हितेश दुबे सहित बड़ी संख्या में प्रतियोगी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता इंदौर ने रतलाम को 11-1 से हराया

डीआर संवाददाता›सीहोर

जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में शहर के आवासीय और खेल मैदान पर स्वर्गीय कैलाश नारायण सारन के स्मृति में सब जूनियर स्टेट चैंपियनशिप के चौथे दिन दो मैच खेले जाएंगे जिसमें पहला मैच बड़वानी विरुद्ध खरगोन के मध्य खेला गया जिसमें बड़वानी 2-0 से विजय रही बड़वानी की तरफ से मोक्ष चौहान ने 1 गोल किया पार्थ ने 1 गोल किया दोनों ही टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। इस मौके पर

जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कनोजिया और खेल अधिकारी अताउल्ला खान आदि शामिल थे।

प्रतियोगिता में दूसरा मैच इंदौर विरुद्ध रतलाम के मध्य खेला जाएगा जिसमें इंदौर 11-01 से विजय रही इंदौर की तरफ से आरव शुक्ला ने 4 गोल किए कार्तिक ने 2 गोल किए दक्ष ने 2 गोल किए अंगद सिंह 1 गोल किए गगन ने एक 1 किया अभिराज ने 1 गोल किया रतलाम की तरफ से अखिल ने 1 गोल किया।

एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि प्रतियोगिता में गुरुवार को दो मैच खेले जाएंगे जिसमें पहला मैच सीहोर विरुद्ध ग्वालियर के मध्य खेला जाएगा, इसके अलावा दूसरा मैच भोपाल विरुद्ध नर्मदापुरम के मध्य खेला जाएगा।

कार्यसमिति बैठक

इछावर विधानसभा के गुड़भेला भाजपा मंडल की कार्यसमिति बैठक

मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी सदस्य, श्री अरोरा रहे

डीआर संवाददाता› सीहोर

भाजपा के वरिष्ठ नेता, प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य एवं सीहोर जिला पंचायत व सीहोर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने इछावर विधानसभा के गुड़भेला मंडल की कार्यसमिति बैठक को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर देश के प्रधानमंत्री के कार्यकाल को भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा संकल्प अभियान के रूप में मनाया जा रहा है। इसको लेकर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक एक माह लगातार विभिन्न सेवा के कार्य किए जाएंगे। प्रधानमंत्री के इन 25 वर्षों के सेवाकाल को सभी सेवा संकल्प अभियान के रूप में मनाएं। इसके लिए जुटकर सेवाकार्य करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जहां गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए गुजरात को विकसित व एक विकासशील राज्य बनाया तो वहीं उन्होंने प्रधानमंत्री रहते हुए देश को नई दिशा दी एवं दुनिया की टॉप तीन शक्तियों में शामिल कराया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के कार्यकाल में देश विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। इससे पहले गुड़भेला मंडल के ग्राम लसुड़ल्या खास पहुंचे श्री अरोरा का भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं ने स्वागत, सत्कार किया। इसके 25 बाद यहां पर मंडल की कार्यसमिति बैठक शुरू हुई।

उल्लास और उमंग के साथ मनाएं प्रधानमंत्री का जन्मदिन: प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य जसपाल सिंह अरोरा ने कहा कि सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के जन्मदिन को उल्लास और उमंग के साथ मनाएं। इस दौरान सेवा कार्य करें, युवाओं के बीच जाएं और उन्हें प्रधानमंत्री द्वारा किए गए कार्यों को बताएं। युवाओं को 2014 के पहले और आज के भारत की स्थिति भी बताएं, अस्पतालों में जाकर मरीजों की सेवा करें, गरीबों की सेवा करें। पौधरोपण करें।

श्री अरोरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार आगे बढ़ रहा है। उन्होंने देश के हर वर्ग की चिंता की और उनके लिए योजनाएं शुरू कीं, गरीबों को आवास उपलब्ध कराए, माताओं, बहनों को घरों में सिलेंडर दिए, किसानों को उनका सम्मान दिलाया। युवाओं के लिए कई स्वरोजगार की योजनाएं शुरू की तो वहीं रोजगार के लिए कई बड़े उद्योग स्थापित कराए। इस अवसर पर जिला पूर्व महामंत्री सुहागमल मेवाड़ा, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र राजपूत, मंडल अध्यक्ष नीरज परमार, मंडल पदाधिकारी, मंडल प्रभारी, ग्राम पंचायतों के सरपंच सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पुलिस-शराब थाना कारोबारियों से सांठगांठ के आरोप में प्रभारी लाइन अटैच

डीआर संवाददाता›आष्टा

जावर में अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग की कार्रवाई के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे हैं। मामले में सीहोर एसपी ने जावर थाना प्रभारी उपनिरीक्षक संतोष विश्वकर्मा को लाइन अटैच कर दिया है। उनकी जगह उपनिरीक्षक बाबूलाल मालवीय को थाना प्रभारी बनाया गया है।आबकारी टीम ने सोमवार को जावर जोड़ पर कार्रवाई करते हुए 135 लीटर देशी-अंग्रेजी शराब जब्त की थी। मौके से धनराज प्रजापति को गिरफ्तार किया गया, जबकि उसका भाई रोहित प्रजापति फरार हो गया। स्थानीय स्तर पर दोनों आरोपियों की पुलिस से कथित सांठगांठ के आरोप लगाए गए हैं।

एसडीओपी करेंगे जांच

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रज्ञा रॉय के निर्देश पर थाना प्रभारी को नोटिस जारी कर लाइन अटैच किया गया। मामले की जांच एसडीओपी दामोदर गुप्ता को सौंपी गई है और उन्हें एक सप्ताह में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं। धनराज को जिला जेल भेज दिया गया है, जबकि रोहित की तलाश जारी है।

डिजीटल अखबार

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ

भाद्रपद कृष्ण पक्ष- 14 -2083

विदिशा,दिन गुरुवार,दिनांक,10 सितंबर,2026

न्यूज गैलरी

घर से भटका 3 साल का बच्चा, 112 ने घर पहुंचाया

विदिशा। थाना देहात गंज बासौदा क्षेत्र में 3 साल का मासूम घर से निकलकर रास्ता भटक गया। सूचना मिलते ही देहात गंज बासौदा थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को मौके के लिए रवाना किया गया। टीम बच्चे को साथ लेकर परिजन की तलाश में निकली। कुछ देर बाद बच्चे के घर की जानकारी मिली। डायल-112 जवान एफआरव्ही वाहन से बच्चे को घर लेकर पहुंचे।

सिरोंज की 27 गोशालाओं को 8.29 करोड़ की मदद

विदिशा। शासन ने सिरोंज विकासखंड की गोशालाओं को बड़ी राशि जारी की है। गौ संवर्धन बोर्ड के मुताबिक पंजीयन शुरू होने से मार्च 2026 तक 27 गोशालाओं को कुल 8 करोड़ 29 लाख 75 हजार 730 रुपए दिए गए हैं। इनमें 24 शासकीय गोशालाएं हैं। 3 अशासकीय गोशालाएं हैं। जारी राशि से गोवंश के लिए चारा, भूसा, दाना, पानी की व्यवस्था होगी।

सोयाबीन और उड़द की फसल का निरीक्षण

विदिशा। कृषि विभाग की तकनीकी टीम ने मुरारिया हवेली में सोयाबीन और उड़द की फसल का निरीक्षण किया। टीम ने पीला मोजेक और सीट व्याधि से प्रभावित फसलों को देखा। उपसंचालक कृषि सचिन जैन, जिला सलाहकार डीके तिवारी, कृषि विस्तार अधिकारी हेमंत गुप्ता ने किसानों के खेतों में जाकर फसल की स्थिति का अवलोकन किया।

पिंक ड्राइविंग लाइसेंस शिविर, 67 लर्निंग लाइसेंस बने

विदिशा। विदिशा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जैन कॉलेज में पिंक ड्राइविंग लाइसेंस शिविर लगा। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता कासवा के मार्गदर्शन में आयोजन हुआ। परिवहन विभाग ने सहयोग किया। शिविर में किशोरी बालिकाएं शामिल रहीं। सशक्त वाहिनी अभियान की बालिकाएं भी पहुंचीं। शिविर में कुल 67 बालिकाओं के लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनाए गए। बालिकाओं को सुरक्षित वाहन संचालन की जानकारी दी गई। नियमविरुद्ध तरीके से वाहन चलाने पर भी समझाइश हुई। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग से संतोष रघुवंशी मौजूद रहे। परिवहन विभाग से राजेंद्र चंदवंशी पहुंचे। सशक्त वाहिनी की प्रशिक्षिका पलक भार्गव भी रहीं। बड़ी संख्या में किशोरी बालिकाएं उपस्थित रहीं।

इलाज में देरी: टोकन मिलने के बाद बैठे बैठे तड़पते रहे मरीज तब मिला इलाज

मेडिकल कॉलेज में चरमराई व्यवस्था इलाज के लिए घंटों तक करना पड़ रहा इंतजार

अपनी मांगों को लेकर हड़ताल कर रहे इंटर्न डॉक्टर्स के उपचार न करने के कारण मेडिकल क०लेज में उपचार व्यवस्था पटरी से उतर गई। मरीज इलाज के लिए तड़पते देखे गए।

इंटर्न डॉक्टर्स की मांगों को लेकर चल रही हड़ताल के कारण मेडिकल कॉलेज में उपचार व्यवस्था चरमरा गई है।

मरीजों को इलाज के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। मरीजों का कहना है कि ओपीडी में भीड़ अधिक होने के कारण टोकन मिलने के बावजूद डॉक्टर को दिखाने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। जानकारी के के अनुसार मेडिकल कॉलेज के करीब 50 से 60 डॉक्टर भोपाल में हड़ताल पर गए हैं, जिसका असर मरीजों की व्यवस्थाओं पर दिखाई दे रहा है।

सेऊखेड़ी निवासी चैन सिंह अहिरवार अपनी पत्नी की तबीयत खराब होने पर मंगलवार को सुबह करीब 11 बजे मेडिकल कॉलेज पहुंचे थे। उन्हें डॉक्टर को दिखाने के लिए 140 नंबर मिला, लेकिन दोपहर 2:30 बजे तक नंबर नहीं आया और डॉक्टर उठ गए। इसके बाद वे बुधवार को फिर पत्नी को लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे। इस बार सुबह 11 बजे से पहले पहुंचने पर उन्हें 119 नंबर मिला, लेकिन दोपहर 12 बजे तक केवल 58 नंबर ही चल पाया था।

चैन सिंह के अनुसार उन्हें आशंका है कि बुधवार को भी डॉक्टर को दिखाए बिना लौटना पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को करीब 60 भोपाल में हुए प्रदर्शन में शामिल होने गए थे डॉक्टर्स।

पर्चा बनवाने ही डेढ़ घंटे लाइन में लगना पड़ा

इसी तरह बासौदा निवासी चरण कुशवाह पेट संबंधी बीमारी के इलाज के लिए बुधवार सुबह 9 बजे मेडिकल कॉलेज पहुंचे। करीब डेढ़ घंटे लाइन में लगने के बाद उनका पर्चा बना। इसके बाद मेडिसिन विभाग में डॉक्टर को दिखाने के लिए उन्हें 107 नंबर का टोकन मिला। दोपहर तक वे लाइन में अपनी बारी का इंतजार करते रहे। से 70 मरीज डॉक्टर को दिखाए बिना वापस चले गए थे। मरीजों ने मांग की है कि हड़ताल के दौरान वैकल्पिक व्यवस्था कर ओपीडी में डॉक्टरों की संख्या बढ़ाई जाए, ताकि मरीजों को समय पर उपचार मिल सके।

बैरसिया रोड पर कार से 40 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद, तीन गिरफ्तार

डीआर संवाददाता » **विदिशा**

कोतवाली पुलिस ने बैरसिया रोड पर ग्राम बानरी के पास कार्रवाई करते हुए एक कार से 40 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की है। पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। बरामद ब्राउन शुगर की कीमत करीब 4 लाख रुपए और कार की कीमत करीब 10 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस ने कुल 14 लाख रुपए का सामान जब्त किया है।

पुलिस के अनुसार, बुधवार को कोतवाली पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान ग्राम बानरी के पास बैरसिया रोड पर एक हुंडई एक्सेंट कार दिखाई दी। पुलिस वाहन को देखकर कार सवार लोगों ने कार वापस बैरसिया की ओर भगाने का प्रयास किया। संदेह होने पर पुलिस टीम ने पीछा कर घेराबंदी की और कार को रोक लिया।

तलाशी लेने पर कार से 40 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। इसके बाद पुलिस ने कार सवार तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान लोकेश धाकड़ (38), निवासी बंटी नगर, विदिशा, वीरेंद्र सिंह डांगी (43), निवासी पीतल मिल, विदिशा और आशीष गुर्जर उर्फ आशु (40), निवासी पीतल मिल, विदिशा के रूप में हुई है।

सप्लाई नेटवर्क की जांच में जुटी पुलिस

पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर ब्राउन शुगर की खरीद-फरोख्त और सप्लाई से जुड़े लोगों की जानकारी जुटा रही है। पूछताछ में सामने आए तथ्यों के आधार पर पुलिस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश कर रही है।

बुधवार को दिनभर खिली धूप और शाम को खुशनुमा हुआ

डीआर संवाददाता » **विदिशा।**

जिले में पिछले तीन दिन से बारिश का आंकड़ा 720.8 मिमी पर अटका हुआ है। पिछले साल 9 सितंबर तक इसी अवधि में 1075 मिमी बारिश हो चुकी थी। इस लिहाज से जिले में इस साल अब भी करीब 370 मिमी बारिश की कमी है। सबसे ज्यादा 980.6 मिमी बारिश लटेरी में और सबसे कम 474 मिमी गुलाबगंज तहसील में दर्ज हुई है।

विदिशा में भी पिछले तीन दिन से रिमझिम बारिश का दौर थम गया है। लगातार तीन दिन से तीखी धूप निकल रही है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएस तोमर के अनुसार, 14 सितंबर तक जिले में ज्यादा बारिश होने के आसार नहीं हैं। इसके बाद बारिश का एक दौर फिर आने की संभावना है।

इधर, हलाली बांध 1505 फीट से ऊपर भर चुका है। बारिश की कमी से जूझ रहे जिले के लिए बांध में पर्याप्त पानी का भरना राहत की उम्मीद है।

आने वाले दिनों में इससे किसानों को सिंचाई और शहर को पेयजल के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सकेगा

लाइसेंस की जानकारी मांगने पर मंडी निरीक्षक से विवाद, धमकी देने का आरोप

डीआर संवाददाता » सिरोंज।

कृषि उपज मंडी सिरोंज में मंडी निरीक्षक नंदराम बंसी और दुकानदार आमिर माविया के बीच विवाद का मामला सामने आया है। घटना के बाद मंडी सचिव रमेश अहिरवार और स्टाफ ने बुधवार शाम थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की।

शिकायत के अनुसार, 8 सितंबर को दोपहर आमिर माविया मंडी निरीक्षक के कार्यालय पहुंचा था। उसने किसी अन्य व्यक्ति के लाइसेंस से संबंधित जानकारी मांगी। निरीक्षक नंदराम बंसी ने जानकारी प्राप्त करने के लिए लिखित आवेदन देने की बात कही। इसी को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई।

निरीक्षक का आरोप है कि आवेदन देने की बात पर आमिर नाराज हो गया और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद निरीक्षक ने अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जताई। घटना के बाद मंडी समिति और कर्मचारियों ने थाने के साथ एसडीएम कार्यालय में भी आवेदन दिया।

वहीं, आमिर माविया ने दोनों के बीच कहासुनी होने की बात स्वीकार की, लेकिन गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के आरोपों को गलत बताया।

सिरोंज थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में आवेदन प्राप्त हुआ है। शिकायत के आधार पर जांच की जाएगी और तथ्यों के अनुसार कार्रवाई होगी।

बारिश थमी तो उड़द की कटाई तेज, कम पैदावार से परेशानी

तीन दिनों से तेज धूप निकलने के बाद उड़द की कटाई तेज कर दी है।

डीआर संवाददाता » गंजबासौदा

बारिश रुकने और तीन दिनों से तेज धूप निकलने के बाद विकासखंड में किसानों ने उड़द की कटाई तेज कर दी है। खेतों में पकी फसल को काटकर सुखाया जा रहा है, ताकि इसके बाद थ्रेशिंग कराई जा सके। किसान मजदूरों की मदद से कटाई का काम तेजी से पूरा करने में जुटे हैं।

किसान धर्मेंद्र यादव ने बताया कि उन्होंने 8 बीघा में उड़द बोई है, जिसकी कटाई चल रही है। हालांकि, फसल की पैदावार बेहद कम होने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। थ्रेसिंग करा चुके किसानों के अनुसार एक बीघा में महज 70 से 80 किलो उड़द निकल रही है। ऐसे में फसल की लागत निकलना भी मुश्किल हो रहा है। वहीं, बारिश के बाद सोयाबीन की फसल में पीला मोजेक बीमारी का असर दिखाई दे रहा है। धूप निकलते ही किसान बचाव के लिए दवा का छिड़काव कर रहे हैं। कृषि विभाग के अधिकारी [illegible] ने बताया कि किसान फसल की कटाई और बीमारी से बचाव को लेकर सक्रिय हैं।

लटेरी में वन विकास निगम की 12 हेक्टेयर जमीन अतिक्रमण मुक्त, फसलें ट्रैक्टर से नष्ट

डीआर संवाददाता » विदिशा

लटेरी क्षेत्र में वन विकास निगम की जमीन पर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ बुधवार को कार्रवाई की गई। वन विकास निगम की टीम ने पंचारी, [illegible] और [illegible] गांवों में पहुंचकर करीब 12 हेक्टेयर जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण कर बोई गई फसलों को ट्रैक्टर चलाकर नष्ट किया गया।

कार्रवाई वन विकास निगम अधिकारी [illegible] शुक्ला के नेतृत्व में की गई। टीम ने मौके पर पहुंचकर जमीन का निरीक्षण किया और चिन्हित अतिक्रमण वाले हिस्सों की जांच की। इसके बाद सरकारी जमीन पर बोई गई फसलों को ट्रैक्टर की मदद से हटाया गया।

बताया गया कि क्षेत्र में वन विभाग और वन विकास निगम की जमीन पर अतिक्रमण की शिकायतें लगातार अधिकारियों को मिल रही थीं। कई जगह सरकारी जमीन पर फसल बोकर कब्जा किए जाने की जानकारी सामने आई थी। इसके बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने कहा कि सरकारी और वन भूमि पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चिन्हित स्थानों पर आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

ई-रिक्शा की सघन चेकिंग, 20 पर चालान

बीमा संबंधी दस्तावेज भी कई वाहनों के पूरे नहीं थे।

डीआर संवाददाता » विदिशा

यातायात पुलिस ने बुधवार को सिरोंज थाने के सामने वाहन चेकिंग अभियान चलाकर ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ कार्रवाई की। यातायात निरीक्षक शैलेश बघेला के नेतृत्व में हुई चेकिंग में बिना नंबर प्लेट, बिना रजिस्ट्रेशन और बीमा के चल रहे वाहनों की जांच की गई।

अभियान के दौरान कई ई-रिक्शा चालकों के पास जरूरी दस्तावेज नहीं मिले। कुछ वाहनों पर रजिस्ट्रेशन नंबर दर्ज नहीं था, जबकि कई चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं मिला।

यातायात निरीक्षक ने बताया कि आम रिक्शा चालकों की शिकायत थी कि उनकी ही नियमित चेकिंग की जाती है, जबकि ई-रिक्शा चालकों की जांच नहीं होती। इसी शिकायत के बाद ई-रिक्शा पर विशेष रूप से कार्रवाई की गई। दोपहर 2:30 बजे तक 20 ई-रिक्शा के चालान बनाए गए और कुल 8 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया। यातायात पुलिस ने बताया कि नियमों का पालन कराने के लिए यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

पंचायत बैठक

बुजुर्गों की पीड़ा सुनी, परिवारों को समझाया, आपसी सहमति से लौटाई रिश्तों में मिठास

रिश्तों में आई दरार को संवाद ने जोड़ा, सीनियर सिटिजन पुलिस पंचायत में एएसपी ने सुलझाए

डीआर संवाददाता » विदिशा

पुलिस पंचायत में सीनियर सिटिजन की समस्याएं सुनते हुए एएसपी।

वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के समाधान और उन्हें सम्मानजनक जीवन का भरोसा दिलाने के उद्देश्य से पुलिस की सीनियर सिटिजन पुलिस पंचायत की बैठक बुधवार को आयोजित की गई।

एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन एवं एएसपी मोनिका तिवारी के मार्गदर्शन में हुई बैठक में पंचायत कोर कमेटी के सदस्य डॉ. सचिन गर्ग, डीके बाजपेयी, आरके कुलश्रेष्ठ एवं अजय टंडन मौजूद रहे। बैठक में वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित दो प्रकरण सामने आए। दोनों मामलों में पुलिस पंचायत ने शिकायतों को केवल कानूनी दृष्टि से नहीं, बल्कि पारिवारिक संवेदनशीलता के साथ सुना और संवाद व समझाइश के माध्यम से समाधान कराया।

पहला प्रकरण विदिशा निवासी 68 वर्षीय महिला ने शिकायत की कि उनका पुत्र गाली-गलौज कर उन्हें परेशान करता है। दोनों पक्षों को बुलाकर उनकी बात सुनी गई और कोर कमेटी ने समझाइश देकर आपसी संवाद कराया। कार्यवाही के बाद महिला ने **पुत्र के साथ प्रसन्नता जताते हुए संतोष व्यक्त किया।**

दूसरा प्रकरण: अत्यधिक वृद्ध बुजुर्ग दंपति ने बहू पर गाली-गलौज, विवाद और उचित भरण-पोषण नहीं करने का आरोप लगाया। दोनों पक्षों को समझाने के बाद सम्मान, संवाद और पारिवारिक सामंजस्य बनाए रखने पर सहमति बनी और प्रकरण का समाधान कराया गया। सीनियर सिटिजन पुलिस पंचायत वरिष्ठ नागरिकों के पारिवारिक एवं संपत्ति संबंधी विवादों का संवेदनशीलता, समझाइश और आपसी सहमति से समाधान कराने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है।

नरोदा-उकायला के सरकारी स्कूल जर्जर, किराए के कमरों में लग रही कक्षाएं

डीआर संवाददाता » विदिशा

गंजबासौदा। क्षेत्र के नरोदा और उकायला गांव के सरकारी स्कूलों की जर्जर हालत को लेकर नगर कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को कलेक्टर के नाम तहसीलदार अतुल श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा। यह मांग युवा कांग्रेस के 'स्कूल बचाओ' अभियान के तहत किए गए निरीक्षण के बाद उठाई गई है।

ग्राम नरोदा का सरकारी स्कूल भवन काफी जर्जर हो चुका है। सुरक्षा कारणों से कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों की पढ़ाई दो अलग-अलग किराए के कमरों में कराई जा रही है। वहीं उकायला स्कूल भवन का प्लास्टर लगातार गिर रहा है और फर्श भी उखड़ चुका है। स्कूल के शौचालयों की स्थिति भी खराब बताई गई है।

कांग्रेस ने नरोदा में नया स्कूल भवन स्वीकृत करने और उकायला भवन का तकनीकी निरीक्षण कर तत्काल मरम्मत कराने की मांग की। साथ ही सुरक्षित पेयजल और शौचालय व्यवस्था सुधारने की मांग रखी गई।

नगर कांग्रेस अध्यक्ष यशपाल सिंह गुर्जर ने कहा कि जर्जर भवनों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर खतरा बना हुआ है। उन्होंने चेतावनी दी कि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

डिजीटल अखबार

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहेड़ा, तलेन

भाद्रपद कृष्ण पक्ष-14 -2083

राजगढ़,दिन गुरुवार,दिनांक 10 सितंबर ,2026

न्यूज गैलरी

भैंस को डंडा मारने से मना किया तो दंपती से मारपीट

ब्यावरा। सुठालिया थाना क्षेत्र के सारस्यापे गांव में भैंस को डंडा मारने से मना करने की बात को लेकर विवाद हो गया। आरोपी ने दंपती के साथ गाली-गलौज करते हुए हाथ बाजड़ी से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। है। पुलिस के अनुसार सारस्यापे निवासी बहादुर सिंह गुर्जर (38) ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि विजय सिंह भैंस को डंडे से मार रहा था। उसने विजय सिंह को भैंस को डंडा मारने से मना किया। इसी बात को लेकर आरोपी विवाद करने लगा और फरियादी गालियां देने लगा।

श्रम प्रहरी बनकर अधिकारों की रक्षा में सहभागी बनें

ब्यावरा। श्रम विभाग ने श्रमिकों की सुरक्षा और अधिकारों के संरक्षण के लिए श्रम प्रहरी पहल शुरू की है। इसके तहत जागरूक नागरिक आसपास संचालित अपंजीकृत कारखानों, संस्थानों या निर्माण कार्यों की सूचना विभाग को दे सकते हैं। इसके लिए श्रम विभाग के ऑनलाइन पोर्टल पर सूचना दर्ज कराने के साथ टोल-फ्री श्रमिक हेल्पलाइन 1800-233-8888 पर भी कॉल किया जा सकता है। विभाग ने स्पष्ट किया कि श्रम प्रहरी कोई बल्कि सरकारी पद नहीं, सामाजिक जिम्मेदारी है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपंजीकृत प्रतिष्ठानों की जानकारी देकर श्रमिकों की सुरक्षा और श्रम कानूनों के पालन में सहयोग करें।

शराब के लिए रुपए नहीं देने पर पिता से मारपीट, गाली-गलौज कर दी धमकी

सुठालिया। थाना क्षेत्र के पत्लापुरा गांव में शराब पीने के लिए रुपए नहीं देने पर बेटे ने अपने 74 वर्षीय पिता के साथ मारपीट कर दी। आरोपी ने पिता से एक हजार रुपए की मांग की थी। रुपए देने से मना करने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पत्लापुरा निवासी तोलाराम उर्फ तुलाराम कुशवाह (74) ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि उसका बेटा मैरू उर्फ मैरू सिंह शराब पीने के लिए उससे एक हजार रुपए मांग रहा था। उसने रुपए देने से मना किया तो आरोपी विवाद करने लगा। इसके बाद आरोपी ने मां-बहन को लेकर अश्लील गालियां दीं और फरियादी के साथ मारपीट की। विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी।

बैठक: कलेक्टर बने अध्यक्ष, सांसद-विधायक सहित एसपी, डीएफओ भी शामिल, नई जिम्मेदारी दी

खोयरी मंदिर को भव्यतम बनाने ट्रस्ट का नवगठन, शासन और जनसहयोग

डीआर संवाददाता ।। राजगढ़

शहर के करीब 500 वर्ष पुराने खोयरी बैजनाथ महादेव मंदिर को भव्य स्वरूप देने की तैयारी शुरू हो गई है। मंदिर परिसर में बुधवार को सांसद रोडमल नागर, विधायक अमर सिंह यादव और कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा की मौजूदगी में बैठक हुई। इसमें मंदिर ट्रस्ट का पुनर्गठन कर विकास कार्यों की रूपरेखा तय की गई। शासन की राशि के साथ जनसहयोग जुटाकर मंदिर परिसर को भव्य बैजनाथ लोक के रूप में विकसित करने पर जोर दिया गया।

बैठक की शुरुआत सदस्यों द्वारा मंदिर परिसर के अवलोकन से हुई। इसके बाद डिप्टी कलेक्टर निधि भारद्वाज ने नवगठित ट्रस्ट के पदाधिकारियों और सदस्यों की जानकारी दी। निर्धारित बायलॉज के अनुसार कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा को ट्रस्ट का अध्यक्ष बनाया गया है। एसपी अमित तोलानी, डीएफओ बैनीप्रसाद दोतानिया, सांसद रोडमल नागर और स्थानीय विधायक को पदेन सदस्य बनाया गया है। ट्रस्ट में प्रशासनिक विभागों के अधिकारियों के साथ पूर्व मंदिर समिति के कई सदस्यों को भी जिम्मेदारी दी गई है।

नवगठित ट्रस्ट में गोपाल विजयवर्गीय और देवेंद्र बैस उपाध्यक्ष, प्रवीण सिंह पंवार सचिव, पं. हेमेंद्र शर्मा सहसचिव और बालकृष्ण गुप्ता कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं। रघुनंदन शर्मा और एसबी व्यास संरक्षक होंगे। इसके अलावा अशोक कुमार गुप्ता, विष्णु प्रसाद गुप्ता, मनोज चौरसिया, रामकृष्ण गुप्ता, मुकेश विजयवर्गीय, कमल सिंह चौहान और कुलदीप सिंधी को सदस्य बनाया गया है।

पुराने निर्माण कार्यों की होगी जांच

बैठक में कलेक्टर ने मंदिर परिसर में पहले कराए गए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर भी चर्चा की। उन्होंने टॉयलेट, सीसी सड़क सहित अन्य कार्यों की गुणवत्ता पर नाराजगी जताते हुए पुराने निर्माण कार्यों की जांच कराने के निर्देश दिए। साथ ही शेष बची राशि से आवश्यक विकास कार्य कराने की बात कही।

नगरपालिका सीएमओ पवन अवस्थी ने मंदिर के लिए पूर्व में प्रस्तावित आर्च ब्रिज की नई टेंडर प्रक्रिया की जानकारी दी। विधायक अमर सिंह यादव ने अपनी देखरेख में ब्रिज का निर्माण जल्द कराने की बात कही।

जनसहयोग से जुटेंगे करीब 15 लाख रुपए

बैठक में सांसद रोडमल नागर ने मंदिर के विकास के लिए शासन से मिलने वाली राशि के साथ जनसहयोग जुटाने पर जोर दिया। इसके बाद मौजूद सदस्यों ने विकास कार्यों के लिए स्वेच्छा से करीब 15 लाख रुपए की सहयोग राशि देने की घोषणा की।

खोयरी मंदिर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य और राजगढ़ निवासी सुरेश सोनी की साधना स्थली रहा है। उनके प्रयासों से वर्ष 2018 में मंदिर परिसर में विकास कार्यों के लिए शासन ने 5 करोड़ रुपए स्वीकृत किए थे। इस राशि से कई निर्माण कार्य हुए, लेकिन अभी भी कई महत्वपूर्ण कार्य बाकी हैं। इन्हीं कार्यों को जल्द और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने के उद्देश्य से ट्रस्ट का पुनर्गठन किया गया है। में एसपी, डीएफओ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी

अकेलेपन के बीच मौत, भजन-कीर्तन के ढोलक मास्टर का शव फंदे पर मिला

डीआर संवाददाता ।। ब्यावरा

अंजनीलाल मंदिर रोड क्षेत्र में मंगलवार रात 55 वर्षीय व्यक्ति ने अपने किराए के कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। मृतक की पहचान हजारीलाल पुत्र रामूलाल वर्मा, निवासी बागवा के रूप में हुई है। वे ब्यावरा में किराए के कमरे में अकेले रहते थे।

मौत के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। जानकारी के अनुसार बुधवार रात करीब 10 बजे आसपास के लोगों ने हजारीलाल को आवाज लगाई, लेकिन कमरे के अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। संदेह होने पर गेट खोलकर देखा तो वे फंदे पर मिले। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को सिविल अस्पताल पहुंचाया।

हजारीलाल पंचर की दुकान पर मजदूरी का काम करते थे। इसके साथ ही वे भजन-कीर्तन में ढोलक बजाकर भी अपनी रोजी-रोटी चलाते थे। धार्मिक आयोजनों में ढोलक बजाना उनकी आय का एक जरिया था। स्थानीय लोगों के मुताबिक बुधवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी विश्वजीत सिंह अनुसार वे लंबे समय से ब्यावरा में रह रहे थे और लोग उन्हें ढोलक मास्टर के नाम से भी जानते थे। शहर के साथ ही आसपास के क्षेत्रों में होने वाले भजन-कीर्तन और अन्य धार्मिक आयोजनों में वे ढोलक बजाते थे।

बेटे-बहू अलग रहते थे, किराए के कमरे में अकेले रहते थे हजारीलाल

हजारीलाल की पत्नी नहीं थी और वे ब्यावरा में बीते कई वर्षों से रह रहे थे। बेटे की शादी के बाद बेटा और बहू अलग रहते थे, जबकि हजारीलाल खुद किराए के कमरे में अकेले रहते थे। आसपास के अकेले रह रहे थे और काम करने के बाद अपना खाना भी स्वयं बनाते थे। के लोगों के अनुसार वे कई वर्षों से उनकी मौत को लेकर कई तरह की चर्चाएं हैं, हालांकि पुलिस मौत के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है।

चौहान ने बताया कि मामले में मर्ग कायम किया गया है। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए परिजनों और परिचितों से जानकारी जुटाई जा रही है।

नन्ही बालिका ने किया पुस्तकालय का उद्घाटन

डीआर संवाददाता ।। ब्यावरा

शिक्षा, ज्ञान को बढ़ावा देने एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बच्चों को तैयार करने के उद्देश्य से किए जा रहे प्रशासनिक प्रयासों की कड़ी में जिले की भाटखेड़ी ग्राम पंचायत में नवीन पुस्तकालय का निर्माण करवाया गया है। स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री, भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर बने इस पुस्तकालय का बुधवार को विधि-विधान से उद्घाटन करवाया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले ने एक नन्ही बालिका से फीता कटवाते हुए पुस्तकालय आरंभ करवाया। पुस्तकालय का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों एवं युवाओं को अध्ययन के लिए बेहतर वातावरण, पुस्तकें उपलब्ध कराना है।

संत कमल किशोर नागर को धमकी का विरोध, दिया ज्ञापन

ज्ञापन सौंपने के दौरान एसपी कार्यालय परिसर में प्रदर्शन करते

डीआर संवाददाता ।। राजगढ़

प्रसिद्ध कथा वाचक एवं गौसेवक पं. कमल किशोर नागर को धमकी भरा पत्र मिलने के विरोध में बुधवार को सनातन धर्म से जुड़े लोगों और गौसेवकों ने विरोध प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में लोग एसपी कार्यालय पहुंचे और नारेबाजी करते हुए एसपी के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने धमकी देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में बताया कि 4 सितंबर को झाबुआ जिले के भूराडाबरा स्थित श्री गुरु कृपा शबरी गौशाला में जन्माष्टमी के अवसर पर संत नागर के सानिध्य में सत्संग आयोजित हुआ था। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं द्वारा भेंट की गई सामग्री के बीच एक धमकी भरा पत्र मिला।

प्रदर्शनकारियों ने इसे संत की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मामला बताते हुए आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान नहीं सहा जाएगा संतों और गौसेवकों का अपमान जैसे नारे लगाते हुए कार्रवाई की मांग की गई। चेतावनी दी कि कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा।

दो डेयरियों पर खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई

ब्यावरा। मिलावट के खिलाफ खाद्य सुरक्षा विभाग ने बुधवार को जीरापुर में कार्रवाई करते हुए दो दूध डेयरी संचालकों पर दबिश दी। कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी एसएस काजी के नेतृत्व में टीम ने कटारिया रोड स्थित श्री सांवरिया दूध डेयरी और मेन रोड स्थित श्री बालाजी दूध डेयरी पर जांच की। कार्रवाई के दौरान टीम ने आधुनिक रैपिड मिल्क टेस्टिंग किट से मौके पर ही दूध की प्रारंभिक जांच की।

शादी का झांसा देकर महिला से संबंध बनाने का आरोप, आरोपी गिरफ्तार

डीआर संवाददाता ।। राजगढ़

राजगढ़। खिलचीपुर थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर विवाहित महिला से संबंध बनाने के आरोप में पुलिस ने जीरापुर निवासी शाहरुख खान को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को बुधवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से कोर्ट के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार, महिला ने शिकायत में आरोप लगाया था कि शाहरुख ने उससे शादी करने का वादा किया था। शिकायत के मुताबिक, शादी का भरोसा देकर आरोपी ने महिला से संबंध बनाए। घटना 14 जून की रात करीब 9 बजे खिलचीपुर थाना क्षेत्र स्थित महिला के घर पर होने की बात शिकायत में कही गई है।

महिला की शिकायत पर पुलिस ने 29 अगस्त को शाम 6.55 बजे केस दर्ज किया था। प्रकरण दर्ज होने के बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी थी। बुधवार को पुलिस ने उसे जीरापुर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब महिला और आरोपी के बीच हुई बातचीत, शादी के वादे तथा मामले से जुड़े अन्य तथ्यों की जांच कर रही है। जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। महिला की पहचान गोपनीय रखी गई है।

राज्य कर्मचारियों ने की पुरानी पेंशन व टीईटी समाप्त करने की प्रमुख मांग

डीआर संवाददाता ।। खुजनेर

मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ आह्वान पर [illegible] खुजनेर तहसील इकाई द्वारा तहसीलदार खुजनेर के माध्यम से प्रदेश के अधिकारियों और कर्मचारियों की लंबित एवं न्यायोचित मांगों को लेकर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव (मध्य प्रदेश शासन) के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया, तो प्रदेश भर के कर्मचारियों में पनप रहा असंतोष किसी भी समय बड़े आंदोलन का रूप ले सकता है। कर्मचारी संघ के अनुसार, मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व में की गई घोषणाओं और कर्मचारी हितैषी वादों के बावजूद अभी तक कई महत्वपूर्ण आदेश जारी नहीं किए गए हैं। इनमें मुख्य रूप से नए वेतन आयोग का गठन और दो से अधिक संतान की बाध्यता समाप्त करने जैसे विषय लंबित हैं। पुरानी पेंशन योजना परिपक्वता के साथ लागू कर ग्रेच्युटी 25 लाख की जाए। नवीन शैक्षणिक संवर्ग की सेवा अवधि नियुक्ति दिनांक से गिनी जाए। केंद्र के समान महंगाई भत्ता दिया जाए। लिपिक संवर्ग को मंत्रालय के समान समयमान वेतनमान मिले। दो से अधिक संतान की बाध्यता का आदेश निरस्त हो। दैनिक वेतनभोगी, संविदा, स्थायी कर्मियों का नियमितीकरण कर आउटसोर्स कर्मियों को शासकीय सेवक माना जाए।

विवाद

अनुमति के सवाल पर नगर परिषद और एमपीआरडीसी आमने-सामने

नगर सहित स्टेट हाईवे व प्रधानमंत्री सड़क पर रिफ्लेक्टर-स्पीड ब्रेकर पर उठे सवाल

डीआर संवाददाता ।। माचलपुर

नगर की सड़कें बड़े-बड़े गड्ढों से जूझ रही हैं। स्टेट हाईवे और प्रधानमंत्री सड़क की हालत भी वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। लेकिन नगर परिषद की प्राथमिकता पर सवाल तब खड़े हो गए, जब गड्ढों से जूझ रही करीब डेढ़ किलोमीटर सड़क पर लगभग 19 स्पीड ब्रेकर लगा दिए गए।

इतना ही नहीं, नगर सहित विभिन्न सड़कों पर करीब 19 लाख रुपए की लागत से रिफ्लेक्टर और स्पीड ब्रेकर लगाने का काम किए जाने की बात सामने आई है। नगर पालिका ने सड़क के गड्ढों की मरम्मत छोड़ स्पीड ब्रेकरों की भरमार लगा दी है। डेढ़ किलोमीटर सड़क पर करीब 19 स्पीड ब्रेकर लगाए जाने से वाहन चालकों के भी सवाल उठ रहे हैं।

जिस सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हैं, वहां पहले सड़क की मरम्मत होना जरूरी थी या स्पीड ब्रेकर लगाए जाना? लोगों का कहना है कि सड़क की मूल समस्या दूर करने के बजाय जगह-जगह स्पीड ब्रेकर लगाकर आखिर किस समस्या का समाधान किया जा रहा है? यदि उद्देश्य सड़क सुरक्षा है तो गड्ढों को छोड़कर सिर्फ स्पीड ब्रेकर लगाना किस तरह की सड़क सुरक्षा व्यवस्था है?

नहीं भरे, डेढ़ किमी में 19 स्पीड ब्रेकर लगा दिए!

यहीं से पूरे मामले पर सबसे बड़ा सवाल खड़ा होता है। यदि सड़क एमपीआरडीसी के अधीन है और विभाग के अनुसार उससे कोई अनुमति नहीं ली गई, तो नगर परिषद ने किस आधार पर वहां स्पीड ब्रेकर लगवाए? और यदि नगर परिषद का दावा है कि नगरीय सीमा में उसे स्पीड ब्रेकर लगाने का अधिकार है, तो फिर संबंधित सड़क एजेंसी को इसकी जानकारी या अनुमति की जरूरत क्यों नहीं समझी गई? क्या नगर परिषद सीमा में आते ही किसी भी विभाग की सड़क पर बिना संबंधित एजेंसी की अनुमति के मनमाने तरीके से स्पीड ब्रेकर लगाए जा सकते हैं? जी

स्पीड ब्रेकर बनाने में कर दिए 19 लाख खर्च का जवाब कौन देगा?

नगर ने करीब 19 लाख रुपए के रिफ्लेक्टर और स्पीड ब्रेकर लगाने के काम ने खर्च की उपयोगिता पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर इस राशि का इस्तेमाल किसने बनाया किस मद से भुगतान किया गया? कार्यादेश किसके द्वारा जारी हुआ? कितने स्पीड ब्रेकर और रिफ्लेक्टर लगाए गए? उनकी दर क्या रही? और सबसे अहम, क्या काम शुरू करने से पहले आवश्यक तकनीकी एवं विभागीय स्वीकृतियां ली गई थीं? इन सवालों के जवाब सामने आना जरूरी है।

अनुमति पर सीएमओ और एमपीआरडीसी आमने-सामने

स्टेट हाईवे अगर नगरीय सीमा में आता है, तो नगर परिषद स्पीड ब्रेकर लगा सकती है। इसमें किसी भी विभाग की अनुमति लेने की जरूरत नहीं है।

– देवेंद्र वत्स, मुख्य नगर परिषद अधिकारी

घर से लापता बुजुर्ग की कुएं में गिरने से हुई मौत

डीआर संवाददाता ।। ब्यावरा

करारी बंगला मलावर थाना क्षेत्र के ग्राम पगरा में शनिवार को एक बुजुर्ग की कुएं में गिरने से मौत हो गई। बुजुर्ग की उम्र करीब 80 वर्ष के आसपास बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलने के बाद ग्रामीणों ने काफी मशक्कत कर उन्हें कुएं से बाहर निकाला। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ग्रामीणों के अनुसार बुजुर्ग दोपहर करीब 3 बजे घर से लापता हो गए थे। इसके बाद परिजन और ग्रामीण उनकी तलाश में जुट गए। काफी देर तक आसपास के क्षेत्र में तलाश करने के बाद भी उनका पता नहीं चला। इसी दौरान लालपुरा की ओर जाने वाले मार्ग के पास गांव के ही मांगीलाल डांगी के कुएं के नजदीक बुजुर्ग के जूते, एक लकड़ी और पगड़ी दिखाई दी। सामान देखकर ग्रामीणों को आशंका हुई कि बुजुर्ग कुएं में गिर गए होंगे। इसके बाद ग्रामीणों ने कुएं में तलाश शुरू की। काफी प्रयास के बाद बुजुर्ग को कुएं से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों ने बताया कि बुजुर्ग की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। उनका अनुमान है कि संभवतः पानी पीने के प्रयास में वे कुएं में उतर गए होंगे और हादसा हो गया।

श्रम प्रहरी बनकर अधिकारों की रक्षा में सहभागी बनें

राजगढ़। श्रम विभाग ने श्रमिकों की सुरक्षा और अधिकारों के संरक्षण के लिए 'श्रम प्रहरी' पहल शुरू की है। इसके तहत जागरूक नागरिक आसपास संचालित अपंजीकृत कारखानों, संस्थानों या निर्माण कार्यों की सूचना विभाग को दे सकते हैं। इसके लिए श्रम विभाग के ऑनलाइन पोर्टल पर सूचना दर्ज कराने के साथ टोल-फ्री श्रमिक हेल्पलाइन 1800-233-8888 पर भी कॉल किया जा सकता है। विभाग ने स्पष्ट किया कि 'श्रम प्रहरी' कोई सरकारी पद नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपंजीकृत प्रतिष्ठानों की जानकारी देकर श्रमिकों की सुरक्षा और श्रम कानूनों के पालन में सहयोग करें।